	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर **(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**	

हेरिटेज निगम जून महीना करेगा पर्यावरण को समर्पित

पांच जून को हेरिटेज निगम रचेगा इतिहास, जून महीने में तीन लाख पौधे निशुल्क करेगा वितरित

जयपुर। हेरिटेज नगर निगम जून महीने में पर्यावरण के सरंक्षण के लिए विशेष अभियान चलाएगा। इसकी पहल विश्व पर्यावरण दिवस से होने जा रही है। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हेरिटेज निगम की ओर से नाहरगढ़ की पहाड़ी पर वृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमें हेरिटेज निगम के साथ कई एनजीओ और सामाजिक संगठन हाथ में झाड़ू लेकर नाहरगढ़ को कचरा और प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे। इसके साथ ही मानसून शुरू होने से पहले हेरिटेज निगम की ओर से तीन लाख पौधे आमजन को निशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस महाअभियान की तैयारियों को लेकर हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम अधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक ली। बैठक में निगम आयुक्त सुराणा ने सभी अधिकारियों से सफाई अभियान की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली, साथ ही कहा कि इस सफाई अभियान से अधिक से अधिक संख्या में आमजन को भी जोड़ा जाएं, जिससे कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता की भावना जाग्रत हों।

पार्कों में दो लाख पौधे मियावाकी से रोपे जाएंगे

बैठक में उन्होंने कहा कि शहरवासियों को हीटबेव से राहत मिलें, इसके लिए हेरिटेज निगम पार्कों में मियावाकी से दो लाख पौधे रोपेगा। उन्होंने उद्यान शाखा को 20 पार्कों का जल्द चयन करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि जिन पार्कों में पानी की सुविधा हों, ऐसे पार्कों में ही ग्रीन जोन स्थापित किया जाएं। इसके अलावा मथुरादासपुरा कचरागाह और हिंगोनिया गौशाला में भी पौधारोपण कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए। वहीं ब्रहम्पुरी क्षेत्र में हेरिटेज निगम की ओर से नर्सरी बनाने के लिए भी निर्देश दिए।

मानसून से पहले बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाने को लेकर दिए निर्देश

बैठक में आयुक्त सुराणा ने कहा कि मानसून शुरू होने वाला है। ऐसे में अतिवृष्टि होने पर आमजन परेशान नहीं हों, जल्द बाढ़ नियंत्रण कक्ष शुरू किया जाएं। जिन निचले क्षेत्रों में पानी भरने की समस्या आती है, वहां पहले से ही मिट्टी के कट्टे और मडपम्प की व्यवस्था की जाएं। साथ ही नालियों में पानी जाम नहीं हों, इसके लिए बची हुई नालियों की सफाई जल्द पूरी की जाएं। जिन स्थानों पर सीवर संबंधी खुदाई का काम चल रहा है। वहां 20 जून तक कार्य पूरा कर इन खड्डों को भरवाने के भी निर्देश दिएं।

स्वच्छ अस्पताल और स्कूल प्रतियोगिता कराएगा निगम

वहीं, उन्होंने हेरिटेज क्षेत्र में अस्पताल और स्कूलों में सफाई की प्रतियोगिता कराने के भी निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि इसके साथ ही स्वच्छ गार्डन प्रतियोगिता भी कराई जाएं। इसके अलावा आयुक्त सुराणा ने निगम अधिकारियों को पेंडिंग फाइलों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।



नगर निगम जयपुर हैरिटेज
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024
#MeraShaharMeriPehchan